CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 27 ▫ अंक- 307 ▫ रायपुर, रविवार 1 दिसम्बर 2024 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## कार–ट्रक में भीषण टक्कर, 5 लोगों की मौत



**नेशनल हाइवे में गुमगा के पास हादसा**

**बिलासपुर/अंबिकापुर,** 1 दिसम्बर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के सरगुजा में आज रविवार सुबह भीषण सड़क हादसा हुआ है। हादसा जिले उदयपुर थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे130पर स्थित गुमगा के पास की है, जिसमें तेज रफ्तार ट्रक ने स्कोडा कार को टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार पांच युवकों की मौत हो गई। चार युवकों ने मौके पर और एक युवक ने अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज लाने के दौरान रास्ते में ही दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों को पीएम के लिए भेज आगे की कार्रवाई में जुटी है।

उदयपुर थाना प्रभारी कुमारी चंद्राकर से प्राप्त जानकारी के मुताबिक आज सुबह जिले के नेशनल हाइवे 130 में गुमगा के पास स्कोडा कार और ट्रक के बीच आमने-सामने टक्कर हो गई।हादसे में कार में सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और एक गंभीर रूप से की अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई। हादसा इतना दर्दनाक था कि ट्रक की टक्कर से कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार में फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए गैस कटर मशीन का इस्तेमाल करना पड़ा। हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। हादसे में जान गंवाने वालों में रायपुर निवासी दिनेश साहू, संजीव, और राहुल के नाम सामने आए हैं, जबकि दो अन्य की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। कार सवार सभी रायपुर के चंगोराभाठा इलाके के निवासी थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज आगे की कार्रवाई में जुटी है।

## छत्तीसगढ़-तेलंगाना बॉर्डर पर नक्सल मुठभेड़ महिला नक्सली समेत 7 नक्सली मारे गए

### कई बड़े नक्सली नेता के मारे जाने की खबर



**रायपुर/बीजापुर,** 1 दिसम्बर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़-तेलंगाना बॉर्डर पर रविवार सुबह ग्रेहाउंड्स फोर्स ने महिला नक्सली समेत 7 नक्सलियों को मार गिराया है। जवानों ने मौके से एक-47 समेत अन्य हथियार भी बरामद किए गए हैं। बताया जा रहा है कि सुबह से दोनों तरफ से गोलीबारी हो रही थी। मामला तेलंगाना के मुलुगु जिले के ईटूनगरम थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार, मुठभेड़ के बाद सुरक्षाबलों ने सभी नक्सलियों के शव बरामद कर लिए हैं। इलाके में सर्च ऑपरेशन अभी भी जारी है। बताया जा रहा है कि नक्सली किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की साजिश रच रहे थे, लेकिन जवानों ने मुठभेड़ में उन्हें ढेर कर दिया। मारे गए नक्सलियों की पहचान हो गई है। इनमें तेलंगाना स्टेट कमेटी मेंबर, डिविजनल कमेटी मेंबर, एरिया कमेटी मेंबर और पार्टी के 2 सदस्य शामिल हैं। सुरक्षाबलों ने सभी नक्सलियों के शव बरामद कर लिए हैं। जानकारी के मुताबिक, तेलंगाना के मुलुगु जिले में इथुरुनगरम मंडल के चलपाका वन क्षेत्र अंतर्गत जंगलों में नक्सलियों के बड़े लीडरों के होने की सूचना मिली थी। इसके बाद सुरक्षाबलों की एक टुकड़ी को तेलंगाना बार्डर इलाके में सर्चिंग के लिए भेजा गया था। इसी बीच तड़वाया मण्डल और चेलपाका के जंगलों में सुरक्षाबलों पर नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दिया। जवानों ने फौरन मोर्चा संभाला और जबरदस्त जवाबी कार्रवाई करते हुए उन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया। खबर है कि इस गोलीबारी में नक्सलियों के प्रमुख नेता मारे गए हैं। पुलिस फोर्स के लौटने पर ही घटना की पूरी जानकारी सामने आ पाएगी।

### ब्रेकिंग न्यूज

## राष्ट्रपति ने नगालैंड के लोगों को स्थापना दिवस पर बधाई दी



**नई दिल्ली,** 1 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को नगालैंड के स्थापना दिवस पर राज्य के लोगों को बधाई देते हुए कहा कि विकास के विभिन्न मानदंडों पर राज्य द्वारा की गई प्रगति सराहनीय है। पूर्वोत्तर राज्य नगालैंड का गठन 1963 में आज ही के दिन हुआ था। मुर्मू ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''राज्य स्थापना दिवस पर नगालैंड के लोगों को बधाई। वनस्पतियों और जीवों की समृद्ध विरासत से संपन्न नगालैंड वीरता की भूमि भी है। विकास के विभिन्न मापदंडों में नगालैंड की प्रगति सराहनीय है। इस खूबसूरत राज्य के लोगों को शांतिपूर्ण, समृद्ध और प्रगतिशील भविष्य के लिए मेरी शुभकामनाएं।

## सूरत में 3 लड़कियों की रहस्यमयी मौत

**नई दिल्ली,** 1 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। सूरत के सचिन पाली गांव में तीन लड़कियों की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई है. अधिकारियों ने ये जानकारी दी. सूरत सिविल अस्पताल के रेजिडेंट मेडिकल ऑफिसर (आरएमओ) केतन नायक के अनुसार, घटना शनिवार को हुई और बच्चों की मौत का सही कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है. मृतकों की पहचान दुर्गा कुमारी (12), अमिता महंत (14) और अनीता कुमारी महंत (8) के रूप में हुई है. नायक ने बताया कि दो बच्चों को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी मौत हो गई, जबकि एक लड़की को बहुत गंभीर हालत में सिविल अस्पताल लाया गया. लेकिन प्रयासों के बावजूद उसे बचाया नहीं जा सका. आरएमओ ने बताया, मृत बच्चों के परिजन अलग-अलग घटनाओं के कारण उनकी मौत का कारण बता रहे हैं. कुछ लोग कह रहे हैं कि आइसक्रीम खाने के कारण ऐसा हुआ, जबकि अन्य कह रहे हैं कि आग लग गई और बच्चे धुएं में फंस गए. उन्होंने कहा, पोस्टमॉर्टम किया जाएगा और उसके बाद ही हम वास्तविक कारण का पता लगा पाएंगे. नायक ने आगे कहा कि पुलिस घटना की जांच कर रही है. अगर इन बच्चों की मौत का कारण फूड पॉइजनिंग है।

## परिवर्तन के पथप्रदर्शक के रूप में युवा भारत की विकास गाथा का नेतृत्व करेंगे : ओम बिरला



**नई दिल्ली,** 1 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि 21वीं सदी भारत की है और नवाचार के पथप्रदर्शक और परिवर्तन के वाहक के रूप में युवा देश की विकास गाथा का नेतृत्व करेंगे। फरीदाबाद में मानव रचना विश्वविद्यालय के 27वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए बिरला ने कहा कि आज के युवाओं में अपार ऊर्जा, नवीन क्षमताएं और आमूलचूल परिवर्तन लाने की क्षमता है जो समय की मांग है। बिरला ने कहा कि 21वीं सदी भारत और उसके युवाओं की है, जो दुनिया भर के देशों में नवाचार क्रांति ला रहे हैं। उन्होंने कहा कि खुला संवाद और चर्चाएं देश की प्रगति के केंद्र में रही हैं। उन्होंने कहा कि छात्रों को दुनिया को बेहतर बनाने के लिए अपनी ऊर्जा और दृढ़ संकल्प का उपयोग करना चाहिए। वैश्विक मंच पर भारत के बढ़ते कद पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि देश महानता हासिल करने वाला है और इसकी युवा पीढ़ी इस परिवर्तन में सबसे आगे है।

## चक्रवात फेंगल ने मचाई तबाही, 3 लोगों की मौत





**चेन्नई एयरपोर्ट शुरू**

**नई दिल्ली,** 1 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवात फेंगल का लैंडफॉल शनिवार शाम हुआ। शनिवार रात 9 बजकर 30 मिनट पर उत्तरी तमिलनाडु-पुदुचेरी तटों के करीब बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम में, महाबलीपुरम से 50 किमी दक्षिण-दक्षिण-पश्चिम, पुदुचेरी से 30 किमी उत्तर-पूर्व और चेन्नई से 90 किमी दक्षिण-दक्षिण-पश्चिम में केंद्रित रहा।

इससे पहले चौबीस घंटों में भारी बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया। चेन्नई और निकटवर्ती जिलों के निचले इलाकों में घरों में पानी घुस गया और तेज हवाओं से पुराने घर ढह गए, कई पेड़ उखड़ गए हैं। बारिश में करंट लगने से तीन लोगों सैवानन, शक्तिवेल और चंदन की मौत हो गई। बारिश को देखते हुए रविवार को होने वाली बैंकिंग परीक्षा स्थगित कर दी गईं। विमान और रेल सेवाएं प्रभावित रहीं। तिरुवल्लूर, चेन्नई, चेंगलपेट, कांचीपुरम जिलों में औसतन दस सेमी बारिश हुई।विभाग के आंकड़ों के अनुसार दिन के वक्त चेन्नई महानगर में आठ सेमी के करीब बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार चक्रवात 10 किमी प्रति घंटे की गति से पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम की ओर बढ़ रहा है। चक्रवात के पुदुचेरी के करीब कराईकल और महाबलीपुरम के बीच उत्तर तमिलनाडु-पुडुचेरी तटों को पार करने की संभावना है।

## दिल्ली के आप विधायक नरेश यादव को 2016 के बेअदबी मामले में दो साल कारावास की सजा



**नई दिल्ली,** 1 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। पंजाब में मालेरकोटला जिले की एक अदालत ने शनिवार को वर्ष 2016 के कुरान की बेअदबी से जुड़े मामले में दिल्ली के महरौली से आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक नरेश यादव को दो साल की सजा सुनाई।

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश परमिंदर सिंह ग्रेवाल की अदालत ने शुक्रवार को इस मामले में यादव को दोषी ठहराया और शनिवार को फैसला सुनाया। सजा सुनाए जाने के समय अदालत में उपस्थित यादव पर 11,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। अदालत ने दो अन्य लोगों (विजय कुमार और गौरव कुमार) की दो साल की सजा को बरकरार रखा। एक अन्य आरोपी नंद किशोर को अधीनस्थ अदालत द्वारा बरी कर दिया गया। यादव को भारतीय दंड संहिता की धारा 295ए (किसी भी वर्ग के धर्म या धार्मिक आस्था का अपमान करके उनकी धार्मिक भावनाओं को अपमानित करने के इरादे से जानबूझकर किया गया दुर्भावनापूर्ण कार्य), 153ए (धर्म के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता को बढ़ावा देना) और 120बी (आपराधिक साजिश) के तहत दोषी ठहराया गया। यादव को मार्च 2021 में अधीनस्थ अदालत ने बेअदबी मामले में बरी कर दिया था। इसके बाद शिकायतकर्ता मोहम्मद अशरफ ने उनको बरी करने के खिलाफ अपील दायर की थी। पुलिस ने शुरुआत में विजय, गौरव और किशोर पर मामला दर्ज किया था, लेकिन बाद

## जंगल में फंदे पर लटकी मिली एक माह पूर्व लापता बुजुर्ग की लाश

**बालोद,** 1 दिसम्बर (हाईवे चैनल)। खरखरा जलाशय के पास जंगल में एक माह पूर्व लापता बुजुर्ग की लाश फंदे पर लटकी मिली. पुलिस हत्या या आत्महत्या जांच में जुटी.

डौंडीलोहारा थाना प्रभारी वीणा यादव ने बताया कि खरखरा जलाशय के नजदीक लगे जंगल में बुजुर्ग की लाश मिली है. बुजुर्ग की पहचान परस राम (60 वर्ष) गांव अहिराबरन नवागांव थाना सुरेगाँव के रूप में हुई है. परिजनों को पहचान के लिए बुलाया गया है. थाना प्रभारी ने बताया कि हर एंगल से पुलिस द्वारा जाच की जा रही है हत्या या और कुछ सभी एंगल से जांच जारी है. बताया जा रहा है कि बुजुर्ग दिवाली के दिन से घर से बिना किसी को बताए घर से लापता हो गया था.

## मिट्टी खोद रही 4 बच्चियों की दबने से मौत

**खुदाई के दौरान भरभरा कर गिरा टीला**

**नई दिल्ली,** 1 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। बिहार के बक्सर जिले में रविवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। दरअसल, यहां मिट्टी धंसने से चार बच्चियों की दबकर मौत हो गई तथा एक अन्य घायल हो गई। मरने वालों में 2 सगी बहनें हैं। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है।

जानकारी के अनुसार, घटना जिले के राजपुर थाना क्षेत्र की है। बताया जा रहा है कि सरेंजा राजकीय बुनियादी स्कूल के समीप बच्चियां टीले के पास मिट्टी खोद रही थीं। इस दौरान उनके उपर टीला भरभरा कर गिर गया, जिससे बच्चियां दब गईं। इस घटना में चार बच्चियों की दबकर मौत हो गई तथा एक अन्य घायल हो गई। घायल बच्ची को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक बच्चियों में नयनतारा कुमारी (11), शालिनी कुमारी (8) (दोनों बहनें), शिवानी कुमारी (6) और संजू कुमारी (11) शामिल हैं। घायल बच्ची का नाम करिश्मा (10) है। करिश्मा ने बताया कि %हम पांचों मिट्टी लाने गए थे। मिट्टी खोद रहे थे, तभी टीला ढह गया और हम सभी उसमें दब गए।

## अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली चुनाव के लिए गठबंधन से किया इनकार



**नई दिल्ली,** 1 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा ऐलान किया है। केजरीवाल ने रविवार को कहा कि पार्टी दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए कोई गठबंधन नहीं करेगी, जिससे विपक्षी दल इंडिया ब्लॉक को झटका लगा है। केजरीवाल की यह घोषणा ऐसे समय में आई है जब राष्ट्रीय राजधानी में चुनाव से पहले राजनीतिक माहौल गर्म हो रहा है, जो अगले साल की शुरुआत में होने की उम्मीद है।

दिल्ली विधानसभा चुनाव 70 सदस्यीय विधानसभा के भाग्य का फैसला करेंगे, जहां सत्तारूढ़ आप के पास वर्तमान में 62 सीटें हैं। केजरीवाल ने एक संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में कहा, ''आप दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए कोई गठबंधन नहीं करेगी।'' इससे पहले कांग्रेस दिल्ली में अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुकी है। ऐसे में अब आप का अकेले चुनाव लड़ना की घोषणा के बाद इंडिया गठबंधन में दरार पड़ती नजर आ रही है। रैली के दौरान उन पर फेंके गए तरल पदार्थ पर आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने कहा, %%कानून-व्यवस्था के मुद्दे उठाते रहे हैं, केंद्र से कार्रवाई की उम्मीद है। मुझ पर फेंका गया तरल पदार्थ हानिरहित था, लेकिन यह हानिकारक हो सकता था।%% केजरीवाल ने केंद्र से पूछा- क्या मुझ पर हमले और मेरे विधायक की गिरफ्तारी के बाद दिल्ली के व्यापारी, महिलाएं सुरक्षित महसूस करेंगी।

## दो शातिर चोर 7.5 लाख के जेवरात के साथ गिरफ्तार



**दुर्ग,** 1 दिसंबर (हाईवे चैनल)। खुर्सीपार पुलिस ने दो ई रि1शा चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। इन चोरों ने इसके पहले कई घरों से सोने-चांदी के गहनों की चोरी की थी। आरोपी के क4जे से सोने चांदी के जेवरात सहित, ई-रि1शा जुमला कीमती तकरीबन ७.५० लाख की सामान जब्त की गई है।

शनिवार को सेक्टर ६ कंट्रोल रूम में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में एएसपी रघुनंदन सिंह राठौर ने बताया कि २३ नवंबर २०२४ को प्रार्थी हरेकृष्णा साहू निवासी सरकारी अस्पताल के पास बापू नगर खुर्सीपार ने थाना खुर्सीपार में लिखित आवेदन प्रस्तुत किया कि १६ नवंबर २०२४ के शाम ५ बजे मेरी ई-रि1शा चेचिस न6बर १८-०००४९ एवं इंजन न6बर १५२५३५७ अपने घर के सामने (सरकारी अस्पताल के पास बापूनगर) में खड़ी किया, सुबह ४ बजे उसने सोकर उठा और बाहर देखा कि उनकी ई-रि1शा खड़ी थी वहाँ पर नहीं थी जिसका आस-पास पता तलाश किया कोई पता नहीं चला, मेरी ई-रि1शा बिना नम्बर की गाड़ी कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर थाना खुर्सीपार में अपराब क्रमांक २३२/२०२४ धारा ३०३ (२) भारतीय न्याय संहिता का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

एण्टी क्राईम सायबर यूनिट प्रभारी निरीक्षक तापेश्वर नेताम एवं थाना प्रभारी निरीक्षक अम्बर सिंह के नेतृत्व में एक संयुक्त टीम गठित कर टीम को कार्यवाही हेतु लगाया गया था। टीम द्वारा संदेहियों पर सतत् निगाह रखी जा रही थी, विशेष सूत्र भी लगाये गये थे। घटना स्थल के आसपास एवं आवागमन के रास्तों में लगे सीसीटीव्ही फूटेज का अवलोकन किया जा रहा था। इसी दौरान विशेष सूत्रों से पता चला कि खुर्सीपार निवासी मिराज आलम अपने पास एक बिना न6बर की ई-रि1शा रखा है जिसे बेचने के लिए ग्राहक की तलाश में लगा हुआ है कि सूचना पर टीम द्वारा मेराज आलम को पावर हाऊस ब्रीज के पास मय ई-रि1शा के साथ पकड़कर पूछताछ की गयी एवं वाहन के संबंध में दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया जिस पर मेराज आलम द्वारा टाल मटोल कर कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया एवं बार-बार कहानी बनाकर टीम को गुमराह कर रहा था। मेराज आलम का पूर्व से ही चोरी की घटनाओं में अपराधिक रिकार्ड रहा है जिससे टीम भलीभांति वाकिफ थी इसलिए उसके टाल मटोल करने की प्रवृ4ि को समझकर स2ती से पूछताछ करने पर मेराज आलम द्वारा उक्त ई-रि1शा अपने साथी देना बैंक स्वीपर मोहल्ला निवासी शांता राव के साथ मिलकर बापू नगर सरकारी अस्पताल के पास से चोरी करना स्वीकार किया। इसी क्रम में मिराज एवं शांताराव द्वारा गहन पूछताछ के दौरान वर्ष २०२३ में गौतम नगर जोन ०१ खुर्सीपार में घर चोरी की घटना को अंजाम देना भी स्वीकार किया जिस पर टीम द्वारा घटना के संबंध में तस्दीक किये जाने पर जानकारी प्राप्त हुआ कि दिनांक ११.०८.२०२३ को गली न6बर ०३ गौतम नगर जोन ०१ खुर्सीपार में राजदेव के घर चोरी की घटना घटित हुयी थी जिस पर थाना खुर्सीपार में अपराध क्रमांक १५१/२०२३ धारा ४५७, ३८० भादवि का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

CMYK